Ans. (d) – भारत छोड़ों आंदोलन के संचालन हेतु एक नये संगठन "आजाद मोर्चे" का गठन जयपुर में किया गया। इस आंदोलन के प्रमुख सदस्य थे-बाबा हरिश्चन्द्र, रामकरण जोशी, दौलतराम भण्डारी। 1945 ई. में जवाहर लाल नेहरू की प्रेरणा से आजाद मोर्चा का जयपुर प्रजामंडल में विलय हो गया।

**678. 'आजाद मोर्चा' की स्थापना किसने की?**

(a) विजयसिंह पथिक (b) दीनदयाल
(c) मुंशी दीनानाथ (d) बाबा हरिश्चन्द्र

**JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016**

Ans. (d) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या–

**679. निम्नलिखित में कौन सी शेखावाटी के 'पंचपाणे' में सम्मिलित नहीं थी?**

(a) बिसाऊ (b) मलसीसर
(c) अलसीसर (d) मण्डावर

**कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020**

Ans. (c) – शेखावाटी में पाँच प्रमुख ठिकाने थे जिन्हें पंचपाणे कहा जाता था। इन पाँच ठिकानों में बिसाऊ, मलसीसर, मण्डावा, नवलगढ़ व डूंडलोद था। जबकि अलसीसर उनमें शामिल नहीं था।

**680. 1938 में जयपुर प्रजामण्डल का प्रथम वार्षिक अधिवेशन किसकी अध्यक्षता में आयोजित हुआ?**

(a) हीरालाल शास्त्री (b) कपूर चन्द्र पाटनी
(c) जमनालाल बजाज (d) बाबा हरिश्चन्द्र

**Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)**

**कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020**

Ans. (c) – वर्ष 1938 में जयपुर प्रजामण्डल का प्रथम वार्षिक अधिवेशन सेठ जमना लाल बजाज की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। इस अधिवेशन का आयोजन 8 और 9 मई, 1938 को जयपुर में किया गया था।

**681. मेवाड़ प्रजामंडल में किस महिला ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है?**

(a) जानकी देवी बजाज (b) नारायणी देवी
(c) काली बाई (d) किशोरी देवी

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019**

Ans. (b) – स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना, अप्रैल 1938 में माणिक्य लाल वर्मा के द्वारा किया गया था। जिसमें इनकी पत्नी नारायणी देवी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने इसके माध्यम से समाजिक कार्य के साथ-साथ रचनात्मक कार्य भी किये।

**682. राज्य में राजनैतिक गतिविधियों के संचालन हेतु किस राज्य में 1934 में प्रजा मण्डल की स्थापना की गई?**

(a) जोधपुर (b) कोटा
(c) मेवाड़ (d) अलवर

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019**

Ans. (b) – राज्य में राजनैतिक गतिविधियों के संचालन तथा उत्तरदायी शासन की मांग हेतु वर्ष 1934 में हाड़ौती प्रजामंडल (कोटा) की स्थापना पं. नयनूराम शर्मा के द्वारा की गयी, जो प्रारम्भ में निष्क्रिय रहा। फिर 1939 में पं. नयनूराम शर्मा ने पं. अभिन्न हरि के साथ मिलकर 'कोटा प्रजामंडल' की स्थापना की जिसका पहला अधिवेशन 14 अक्टूबर 1939 मांगरोल में आयोजित किया गया।

**683. भूपसिंह का सम्बन्ध किस किसान आंदोलन से था?**

(a) बेगु किसान आंदोलन
(b) बिजौलिया किसान आंदोलन
(c) बूंदी किसान आंदोलन
(d) बीकानेर किसान आंदोलन

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019**

Ans. (b) – भूप सिंह (विजय सिंह पथिक) बिजौलिया किसान आन्दोलन से संबंधित थे। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर में हुआ था। इन्होंने कृषकों की समस्याओं का 'प्रताप' समाचार पत्र के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित किया। इन्होंने 'नव संदेश' और 'राजस्थान संदेश' नाम से हिन्दी में अखबार भी निकाला।

**684. भवानी सहाय शर्मा, राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानी सम्बन्धित थे-**

(a) अलवर से (b) जयपुर से
(c) भरतपुर से (d) दौसा से

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019**

Ans. (a) – प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी संगठन हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी (MSRA) के सक्रिय सदस्य पंडित भवानी सहाय शर्मा का जन्म राजस्थान के अलवर जिले के राजगढ़ में हुआ था। पं. शर्मा स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 1932 में 7 साल के लिए जेल भी गये थे।

**685. नीमुचणा कांड के समय अलवर का शासक कौन था?**

(a) महाराजा बन्नेसिंह (b) महाराजा तेजसिंह
(c) महाराजा विनयसिंह (d) महाराजा जयसिंह

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019**

Ans. (d) – नीमुचणा कांड के समय अलवर का शासक महाराजा जयसिंह थे। लगान वृद्धि के मसले पर अलवर के किसान 1925 में नीमुचणा गाँव में एकत्रित हुए जिसके फलस्वरूप पुलिस द्वारा गोलीबारी में बहुत से लोग मारे गये। इस घटना को राजस्थान का जलियावालाबाग हत्याकांड भी कहा जाता है।

**686. किसके नेतृत्व में शेखावाटी किसान आंदोलन में महिलाओं ने भाग लिया?**

(a) किशोरी देवी (b) उत्तमा देवी
(c) रमा देवी (d) दुर्गा देवी

**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019**

Ans. (a) – शेखावाटी किसान आंदोलन में महिलाओं ने "किशोरी देवी" के नेतृत्व में भाग लिया। शेखावाटी किसान आंदोलन शेखावाटी क्षेत्र में 1939 ई. में शुरू हुआ था। इस आंदोलन का नेतृत्व "नरोत्तम लाल जोशी" कर रहे थे।

**687. सिद्धराज ढ़ड्डा कौन थे?**

(a) जैनधर्म के विद्वान
(b) गांधवादी एवं सर्वोदयी नेता
(c) कूटनीतिज्ञ
(d) महान शिक्षाशास्त्री

**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018**

Ans. (b) – गांधीवादी एवं सर्वोदयी नेता सिद्धराज ढड्डा का जन्म 12 फरवरी 1909 को जयपुर में हुआ था। 1934–1942 ई. तक में कलकत्ता में इंडियन चैम्बर ऑफ कामर्स के सचिव रहे। इन्होंने भारत छोड़ों आन्दोलन तथा सर्वोदय आंदोलन में भी भाग लिया था।